अणुविभा

अणुव्रत अमृत महोत्सव के गौरवशाली अवसर पर
अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी
की प्रस्तुति
अणुव्रत गीत महासंगान

18 जनवरी 2024

अणुव्रत अमृत महोत्सव

चिल्ड्रनस पीस पैलेस, पोस्ट बॉक्स संख्या 28, राजसमंद–313324 (राज.) head.office@anuvibha.org +91 9116634515

सादर प्रकाशनार्थ

अणुव्रत गीत की गूंजी स्वर लहरियाँ

अणुव्रत गीत महासंगान में हजारों / लाखों लोगों ने लिया भाग

.... **(शहर का नाम) 18 जनवरी 2024।** देश-विदेश में व्यापक स्तर पर आयोजित अणुव्रत गीत महासंगान में स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ समाज निर्माण हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि सन् 1949 में आचार्य श्री तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन 75 वर्षों की सम्पूर्ति पर वर्तमान अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में अणुव्रत अमृत महोत्सव मना रहा है। अणुव्रत का दर्शन बिना किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय व वर्ग विशेष के भेदभाव से मानव कल्याण की बात करता है। अणुव्रत के समस्त जनहितकारी प्रकल्प अणुविभा के संक्षिप्त नाम से प्रसिद्ध संस्थान अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में संचालित होते हैं जोकि संयुक्तराष्ट्र संघ से संबद्ध एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान है। अणुव्रत का मानना है कि सुधार का क्रम व्यक्ति को स्वयं से शुरू करना होगा तभी परिवार, समाज, देश व विश्व में सुधार का सपना साकार हो सकेगा।

अणुव्रत गीत महासंगान के अंतर्गत देश-दुनिया में हजारों स्थानों पर अणुव्रत गीत का संगान आज के दिन किया गया है। इसमें स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त भी ओद्यौगिक व व्यापारिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, जेलों व पार्क आदि सार्वजनिक स्थलों पर उत्साह के साथ अणुव्रत गीत का संगान किया गया। 'नैतिकता की सुर सरिता में जन-जन मन पावन हो, संयममय जीवन हो' - इस पंक्ति से प्रारंभ अणुव्रत गीत समता, सहअस्तित्व, समन्वय, अहिंसा, मानवता, सदाचार, मैत्रीभाव व कथनी-करनी में समानता की बात करता है।

आचार्य तुलसी द्वारा लिखित यह गीत लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन की प्रार्थना का रूप ले चुका है। स्थानीय स्तर पर ....(आयोजन स्थलों के नाम) आदि स्थानों पर अणुव्रत गीत का संगान किया गया। इस अवसर पर संभागियों ने स्वस्थ समाज निर्माण हेतु तीन संकल्प भी ग्रहण किये, जो हैं - 1. मैं सद्भावपूर्ण व्यवहार करने का प्रयत्न करूँगा। 2. मैं यथासंभव ईमानदारी का पालन करूँगा। 3. मैं नशामुक्त जीवन जीऊँगा।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अणुव्रत आंदोलन की प्रतिनिधि संस्था अणुविभा के तत्वावधान में यह आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें स्थानीय स्तर पर ....(सहयोगी संस्थाओं के नाम) का सक्रिय व रचनात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशासन, शिक्षा विभाग, ...(अन्य विभागों के नाम) का सहयोग अणुव्रत गीत महासंगान की सफलता में योगभूत बना। अणुव्रत कार्यकर्ताओं की एक बड़ी टीम इसके सफल आयोजन के लिए दिन-रात सक्रिय रही। जिसमें..(विशेष कार्यकर्ताओं के नाम) की विशेष भागीदारी रही।

प्रेषक :

अध्यक्ष/मंत्री/संयोजक

आयोजक : अणुव्रत समिति /तेरापंथ युवक परिषद..

अणुविभा समन्वय कक्ष सूरत

▪ 97372 80171 ▪ 93746 13000 ▪ 98254 04433 ▪ 93747 26946

www.anuvibha.org anuvibha.page @ANUVIBHA @ANUVIBHAOFFICIAL ANUVRAT_Global